# SSC GD 2024

# 15

## DATE : 23-02-2024


### (SHIFT- 2:30 pm to 3:30 pm)

**PART (A) : सामान्य बुद्धि एवं तर्कशक्ति**

**1.** निम्नलिखित प्रश्न में, विकल्पों में दी गई उस आकृति का चयन कीजिए जिसे प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर रखा जा सकता है




(1)  (2) 

(3)  (4) 

**2.** निम्नलिखित विकल्पों में से दी गई श्रृंखला से लुप्त संख्या का चयन कीजिए।

49, 54, 41, 62, 33, 70, ?

(1) 27 (2) 23
(3) 25 (4) 29

**3.** निम्नलिखित विकल्पों में से उस विकल्प का चयन कीजिए जो पांचवें अक्षर-समूह से ठीक उसी प्रकार संबंधित है जिस प्रकार चौथा अक्षर-समूह तीसरे अक्षर-समूह से संबंधित है, और दूसरा अक्षर-समूह पहले अक्षर-समूह से संबंधित है।

AFFECT : FAFETC :: BRIGHT : RBIGTH :: EITHER : ?

(1) ERHTEI (2) IETHRE
(3) IEHTRE (4) TEIER

**4.** एक आदमी की तस्वीर की ओर इशारा करते हुए, रिमी ने कहा, ''वह मेरे पिता के बेटे का भाई है''। उस आदमी का रिमी से क्या संबंध है?


(1) मां (2) पिता
(3) बहन (4) भाई

**5.** नीचे दिए गए समीकरण में किन दो चिन्हों और दो संख्याओं (न कि अंको) को आपस में बदलने से समीकरण सही होगा?

7 × 5 ÷ 6 + 2 – 4 = 16

(1) + और –, 6 और 2
(2) × और ÷, 2 ओर 4
(3) × और –, 5 और 6
(4) ÷ और +, 7 ओर

**6.** नीचे एक ही पासे की दो स्थितियां दी गई हैं। 'K' वाले फलक के विपरीत फलक पर निम्नलिखित विकल्पों में से क्या आएगा?




(1) N (2) m
(3) Z (4) X

**7.** एक निश्चित कूट भाषा में, 'TABLE' को '80' लिखा जाता है, 'CHAIR' को '78' लिखा जाता है, तो उसी कूट भाषा में 'WINDOW' को कैसे लिखा जाएगा?

(1) 88 (2) 210
(3) 112 (4) 176

**8.** निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगा?

Y, T, P, M, K, ?

(1) J (2) I
(3) L (4) H

**9.** एक निश्चित कूट भाषा में, 'BED' को '120' लिखा जाता है और 'FAT' को '360' लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में 'DBY' को कैसे लिखा जाएगा?

(1) 600 (2) 450
(3) 500 (4) 400

**10.** दिए गए शब्दों को अंग्रेजी वर्णमाला के क्रम में व्यवस्थित कीजिए।

1. TECHNOLOGY
2. TECHNICAL
3. TECHNICIAN
4. TECHNIQUE
5. TECHNOPHOBIA

(1) 2, 4, 1, 3, 5
(2) 2, 1, 4, 3, 5
(3) 2, 3, 1, 5, 4
(4) 2, 3, 4, 1, 5

**11.** निम्नलिखित विकल्पों में से दी गई श्रृंखला से लुप्त संख्या का चयन कीजिए।

99, 116, 133, 150, 167, ?

(1) 184 (2) 188
(3) 192 (4) 19

**12.** निम्नलिखित विकल्पों में से उस विकल्प का चयन कीजिए जो तीसरे शब्द से ठीक उसी प्रकार संबंधित है, जिस प्रकार दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है।

कार्डियोलोजिस्ट : हृदय :: नेफ्रोलोजिस्ट : ?

(1) यकृत (2) गुर्दे
(3) हृदय (4) फेफड़े

**13.** निम्नलिखित में से अक्षरों के कौन-से एक समूह को दी गई अक्षर श्रृंखला के रिक्त स्थानों में क्रमिक रूप से रखने पर श्रृंखला पूरी हो जाएगी

c_d_o_c_dcod

(1) ooco (2) ocdd
(3) ocdo (4) doco

**14.** दिए गए विकल्पों में से किन दो संख्याओं को आपस में बदलने पर निम्नलिखित समीकरण सही होगा?

8 + 7 × 9 ÷ 14 – 3 = 10

(1) 8 और 9
(2) 3 और 9
(3) 14 और 10
(4) 8 और 7

**15.** निम्नलिखित प्रश्न में, तीन कथन और उसके बाद I और II क्रमांकित दो निष्कर्ष दिए गए हैं। दिए गए कथनों को सत्य मानते हुए, चाहे वे सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हो, निश्चय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है।

कथन :


I. सभी ड्रम, गिटार हैं।
II. सभी गिटार, बांसुरी हैं।
III. सभी बांसुरी, सितार है।

निष्कर्ष :

I. कुछ ड्रम, सितार हैं।
II. सभी सितार, गिटार हैं।

(1) निष्कर्ष I और II दोनों अनुसरण करते हैं
(2) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है
(3) न तो निष्कर्ष I और न ही II अनुसरण करता है
(4) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है


**16.** निम्न में से कोन-सी उत्तर आकृति प्रश्न आकृति के पेटर्न को पूरा करेगी? (घूर्णन की अनुमति नहीं है



(1)  (2) 

(3)  (4) 

**17.** निम्नलिखित प्रश्न में, दिए गए विकल्पों में से उस आकृति का चयन कीजिए जिसे प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर रखा जा सकता है




(1)  (2) 

(3)  (4) 

**18.** एक परिवार के छः सदस्य P, Q, R, S, T और U एक वृत्ताकार मेज पर एक-दूसरे की ओर मुख करके बैठे हैं। S, U के ठीक बाईं ओर बैठा है, और Q, S के बाईं ओर से दूसरे स्थान पर बैठा है। P, R के बाईं ओर से दूसरे स्थान पर बैठा है। U और P दोनों का निकटतम पड़ोसी कौन है

(1) S (2) T
(3) Q (4) P

**19.** यदि एक दर्पण को रेखा AB पर रखा जाए, तो विकल्प आकृतियों में से कौन-सी आकृति प्रश्न आकृति का सही प्रतिबिंब होगी



(1)  (2) 

(3)  (4) 

**20.** पांच मित्र P, B, C, G और A एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं। B, C के ठीक बाईं ओर बैठा है। G और H, C के निकटतम पड़ोसी नहीं हैं। H, P के दाईं ओर से दूसरे स्थान पर बैठा है। C के ठीक बाईं ओर कौन बैठा है

(1) P (2) H
(3) G (4) B

## PART (B) : सामान्य जागरूकता

**21.** मुद्रा ओर बैंकिंग के संबंध में, SLR का पूर्ण रूप क्या है?

(1) स्टेट्यूटरी लीगल रेशियो (Statutory Legal Ratio)
(2) स्टेट लिक्विडिटी रेशियो (State Liquidity Ratio)
(3) स्टेट्यूटरी लिक्विडिटी रेशियो (Statutory Liquidity Ratio)
(4) स्टेट लीगल रेशियो (State Legal Ratio)

**22.** लंबी कूद (long jump) में, उत्प्रस्थान (take-off), गड्ढे (pit) से एक मीटर दूर . ......... सेमी चौड़े बोर्ड से करना होता है।

(1) 24 (2) 15
(3) 12 (4) 20

**23.** भारतीय खिलाड़ी जेनेट विधि (Janet Vidhi) निम्नलिखित में से कौन-सा खेल खेलती हैं?

(1) क्रिकेट
(2) स्क्वेश
(3) मुक्केबाजी
(4) तीरंदाज

**24.** भारत की सामाजिक-आर्थिक और जाति जनगणना (SECC) 2011 (ग्रामीण) ........ अभाव मापदंडों पर परिवारों की स्थिति के आधार पर 'अन्य' श्रेणी के तहत उनकी रैंकिंग करती है।

(1) नौ (2) पांच
(3) सात (4) तीन

**25.** सरदार वल्लभभाई पटेल ने ____ में कांग्रेस के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया।

(1) 1921 (2) 1931
(3) 1925 (4) 1935

**26.** पं. भीमसेन जोशी को निम्नलिखित में से किस वर्ष में सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार भारत रत्न प्राप्त हुआ?

(1) 2004 (2) 2002
(3) 2006 (4) 2009

**27.** निम्नलिखित में से किसे भारत की संविधान सभा के अध्यक्ष के रूप में चुना गया था?

(1) जवाहर लाल नेहरू
(2) राजेन्द्र प्रसाद
(3) भीमराव अंबेडकर
(4) सरदार वल्लभभाई पटेल

**28.** भारत में किस धार्मिक आयोजन के दौरान भक्त गंगा नदी में यह विश्वास करते हुए पवित्र डुबकी लगाते हैं कि इससे उनके पाप धुल जाएंगे और नदी के किनारे विभिन्न अनुष्ठान करते हैं?

(1) ईद उल-फितर (2) नवरात्रि
(3) दिवाली (4) कुंभ मेल

**29.** ____ राष्ट्रीय बाल भवन (NBB) की एक पहल है, जो चार प्रमुख क्षेत्रों में बच्चों की सृजनात्मक क्षमता को पहचान कर उन्हें अपनी सृजनात्मक क्षमता का विकास करने और बेहतर बनाने की दिशा में प्रेरित करती है। इसकी मूल्यांकन, चयन प्रक्रिया और कार्यविधि भिन्न प्रकार की है जिसमें विभिन्न क्षेत्रों के ख्याति प्राप्त सृजनात्मक कलाकारों और विशेषज्ञों के परामर्श पर निरंतर सुधार की आवश्यकता बनी रहती है।

(1) राष्ट्रीय मातृश्री सम्मान
(2) श्री सम्मान
(3) राष्ट्रीय बालश्री सम्मान
(4) राष्ट्रीय पद्मश्री सम्मान

**30.** भारत की प्रथम पंचवर्षीय योजना किस मॉडल पर आधारित थी?

(1) महालनोबिस योजना
(2) गाडगिल फार्मूला
(3) हेरोड-डोमर मॉडल
(4) पूंजीवादी मॉडल

**31.** प्रथम राष्ट्रमंडल खेल कब आयोजित किए गए थे?

(1) 1930 (2) 1935
(3) 1945 (4) 1926

**32.** भारत की निम्नलिखित में से किस पंचवर्षीय योजना का उद्देश्य भारत को 'आत्मनिर्भर' और 'स्व-उत्पादक' अर्थव्यवस्था बनाना था?

(1) तृतीय पंचवर्षीय योजना
(2) द्वितीय पंचवर्षीय योजना
(3) चतुर्थ पंचवर्षीय योजना
(4) प्रथम पंचवर्षीय योजना

**33.** भारत में राज्यसभा (काउंसिल ऑफ स्टेट) का पीठासीन अधिकारी निम्नलिखित में से कौन है?

(1) वक्ता (2) राष्ट्रपति
(3) उपराष्ट्रपति (4) प्रधानमंत्री

**34.** इंडिया के अध्यक्ष, अनंत माहेश्वरी को 2023-24 की अवधि के लिए नैसकॉम (Nasscom) का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

(1) टीसीएस (2) माइक्रोसॉफ्ट
(3) गूगल (4) एप्पल

**35.** मोर्य साम्राज्य के सम्राट अशोक ____ के अनुयायी थे।
(1) इस्लाम धर्म (2) बुद्ध धर्म
(3) सिख धर्म (4) जैन धर्म

**36.** 2011 की जनगणना के अनुसार भारत के किस केंद्र शासित प्रदेश का जनसंख्या घनत्व सबसे अधिक है?
(1) चंडीगढ़
(2) राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र - दिल्ली
(3) लद्दाख
(4) दमन और दीव

**37.** चुंबकीय क्षेत्र के संबंध में निम्नलिखित में से कोन-सा कथन सही है?
(1) चुंबकीय क्षेत्र रेखाएं खुले पाश बनाती हैं
(2) चुंबकीय क्षेत्र रेखाएं बंद पाश बनाती हैं
(3) दो चुंबकीय क्षेत्र रेखाएं एक दूसरे को काटती हुई पाई जाती हैं
(4) चुंबकीय क्षेत्र एक ऐसी मात्रा है जिसकी कोई दिशा और परिमाण नहीं होता है

**38.** किस राज्य की सरकार ने 'मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास न्याय योजना (Mukhyamantri Gramin Awas NYAY Yojana)' के उद्घाटन चरण के हिस्से के रूप में राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में 47,000 से अधिक गरीब निवासियों को घर उपलब्ध कराने की अपनी योजना का अनावरण किया है?
(1) छत्तीसगढ़ (2) महाराष्ट्र
(3) मध्यप्रदेश (4) तमिलनाडु

**39.** 2023 में, पंजाब में ट्रेक्टर स्टंट (tractor stunt) पर प्रतिबंध किसने लगाया?
(1) सुखबीर सिंह बादल
(2) चरणजीत सिंह चन्नी
(3) भगवंत मान
(4) सुखजिंदर सिंह रंधावा

**40.** निम्नलिखित में से किस शास्त्रीय नृत्य शेली का संबंध केरल से है?
(1) मोहिनीअट्टम (2) सत्रीय
(3) ओडिसी (4) कथक

## PART (C) : प्रारंभिक गणित

**41.** एक व्यक्ति ने साधारण ब्याज पर 3 प्रतिशत की वार्षिक दर पर एक निश्चित धनराशि उधार दी। 25 वर्षों में प्राप्त ब्याज, उधार दी गई धनराशि से 600 रुपए कम है। उधार दी गई धनराशि कितनी है?
(1) 800 रुपए (2) 1200 रुपए
(3) 2400 रुपए (4) 1600 रुप

**42.** यदि किसी संख्या के 25 प्रतिशत में से 75 घटा दिया जाए तो परिणाम 1225 आता है। उस संख्या का मान क्या है?
(1) 5200 (2) 5000
(3) 5300 (4) 5100

**43.** एक वस्तु का अंकित मूल्य 1850 रुपए है। यदि वस्तु पर 60 प्रतिशत की छूट दी जाती है, तो वस्तु का विक्रय मूल्य कितना होगा?
(1) 860 रुपए (2) 750 रुपए
(3) 740 रुपए (4) 840 रुप

**44.** एक वस्तु पर अंकित मूल्य 4800 रुपए था, लेकिन दुकानदार उस वस्तु पर 18% और 20% की दो छूट की पेशकश करता है, अंततः वह वस्तु को किस मूल्य पर बेचता है?
(1) 3642 रुपए (2) 2976 रुपए
(3) 3148.8 रुपए (4) 3258.8 रुपए

**45.** 30000 रुपए का मूलधन 7 प्रतिशत वार्षिक की दर से चक्रवृद्धि ब्याज (वार्षिक रूप से संयोजित) पर उधार लिया जाता है। 2 वर्ष के बाद धनराशि कितनी हो जाएगी?
(1) 34347 रुपए (2) 31247 रुपए
(3) 33248 रुपए (4) 35687 रुपए

**46.** J, K और L मिलकर एक पुस्तक को 20 दिनों में पूरा पढ़ सकते हैं। J और K मिलकर उसी पुस्तक को 25 दिनों में पूरा पढ़ सकते हैं। L अकेले उसी पुस्तक को कितने दिनों में पूरा पढ़ सकता है?
(1) 100 दिन (2) 125 दिन
(3) 140 दिन (4) 110 दिन

**47.** 90 परिणामों का औसत 38 है। यदि प्रत्येक परिणाम से 4 घटा दिया जाए, तो परिणामों का नया औसत कितना होगा?
(1) 32 (2) 34 (3) 36 (4) 37

**48.** दो संख्याओं का महत्तम समपवर्तक 14 है और उनका लघुत्तम समापवर्त्य 490 है। यदि पहली संख्या 70 है, तो दूसरी संख्या ज्ञात कीजिए।
(1) 98 (2) 65
(3) 74 (4) 78

**49.** रोहित समान दूरियों की चार यात्राएं करता है। पहली यात्रा में उसकी चाल 400 किमी/घंटा थी और प्रत्येक अगली यात्रा में उसकी चाल पिछली यात्रा की चाल से आधी थी। इन चार यात्राओं में रोहित की औसत चाल कितनी है?
(1) 400/3 किमी/घंटा
(2) 320/3 किमी/घंटा
(3) 100 किमी/घंटा
(4) 440/3 किमी/घंटा

**50.** $96 \times 2 \div (88 - 24) + 43 \times 3$ का मान कितना है?
(1) 135 (2) 139
(3) 130 (4) 132

**51.** एक मिश्रण में पानी और दूध का अनुपात 8 : 21 है। यदि इसमें दूध, पानी से 26 लीटर अधिक है, तो मिश्रण में दूध की मात्रा कितनी होगी?
(1) 16 लीटर (2) 26 लीटर
(3) 42 लीटर (4) 46 लीटर

**52.** एक शंकु की ऊंचाई 15 सेमी है और इसके आधार की त्रिज्या 14 सेमी है। शंकु का आयतन कितना है?
(1) 3080 सेमी$^3$ (2) 3420 सेमी$^3$
(3) 3240 सेमी$^3$ (4) 2860 सेमी$^3$

**53.** यदि 15 आदमी एक घर को 18 दिनों में बना सकते हैं, तो 12 आदमी उसी घर को कितने दिनों में बनाएंगे?
(1) 22.5 दिन (2) 19 दिन
(3) 18 दिन (4) 20 दिन

**54.** मोनिल की मासिक आय में 18% की कमी हो जाती है। उसकी मासिक आय में लगभग कितने प्रतिशत की वृद्धि होनी चाहिए ताकि वह फिर से उसकी वास्तविक मासिक आय के बराबर हो जाए?
(1) 20% (2) 22%
(3) 15% (4) 18%

**55.** 5 विषयों में से, पहले 3 विषयों में राकेश के औसत अंक 80 हैं ओर अंतिम 3 विषयों में औसत अंक 92 हैं। यदि तीसरे विषय में उसके अंक 51 है, तो सभी 5 विषयों में उसके औसत अंक कितने है?
(1) 97 (2) 93
(3) 102 (4) 90

**56.** एक बल्ब के क्रय मूल्य ओर विक्रय मूल्य का अनुपात 20: 25 है। लाभ प्रतिशत कितना है?
(1) 30 प्रतिशत (2) 25 प्रतिशत
(3) 20 प्रतिशत (4) 15 प्रतिशत

**57.** यदि P : Q = 6 : 5 और Q : R = 3 : 4 है, तो Q : (P + R) का मान कितना है?
(1) 14 : 37 (2) 15 : 38
(3) 15 : 37 (4) 13 : 38

**58.** वह न्यूनतम मान क्या है, जिसे यदि 140 में जोड़ा जाए, तो यह 5 और 6 दोनों से पूर्णतः विभाज्य होगा?
(1) 15 (2) 10
(3) 12 (4) 20

**59.** $58 - 25 \div 5 + \{55 + 25 - (30 + 20 - 10 + 30)\}$ का मान ज्ञात कीजिए।
(1) 68
(2) 66
(3) 56
(4) 63

**60.** अनिल एक मेज को 20 प्रतिशत की हानि पर बेचता है। यदि वह इसे 160 रुपए अधिक में बेचता है, तो वह 20 प्रतिशत का लाभ अर्जित करता है। 25 प्रतिशत का लाभ अर्जित करने के लिए मेज का विक्रय मूल्य कितना होना चाहिए?
(1) 700 रुपए (2) 500 रुपए
(3) 750 रुपए (4) 800 रुपए

## PART (D) : अंग्रेजी

**61.** Select the word segment that substitutes (replaces) the bracketed word segment correctly and completes the sentence meaningfully. Select the option 'no correction required' if the sentence is correct as given.
This must be it, it's the (countryside; might be that is our) holiday home, she added hopefully.
(1) countryside; however this is seemed our
(2) countryside; perhaps this is our
(3) No correction required
(4) countryside; whenever this is our

**62.** Select the incorrectly spelt word from the given sentence.
Common sense, uncontrovur-sial ideas tend to diminish when attention has moved elsewhere.
(1) sense
(2) diminish
(3) uncontrovursial
(4) attention

**63.** In the following question, out of the given four alternatives, select the alternative which best expresses the meaning of the Idiom Phrase.
"To stand one's ground"
(1) To give up
(2) Arranged in order
(3) To give in
(4) To refuse to change opinion

**64.** Select the sentence with no spelling errors.
(1) After anchoring, the wind was varieable and light from the western quarter.
(2) After anchoring, the wind was variable and light from the western qurter.
(3) After anchoring, the wind was variable and lite from the westen quarter.
(4) After anchoring, the wind was variable and light from the western quarter.

**65.** Find the part of the given sentence that has an error in it. If there is no error, choose 'No error'. He had decided to playing until that score reached forty-three thousand.
(1) He had decided to
(2) reached forty-three thousand.
(3) playing until that score
(4) No error

**66.** Choose the word that is opposite in meaning to the given word.
Adequacy
(1) Rational (2) Opulence
(3) Surplus (4) Dearth

**67.** Select the most appropriate option for the given blank.
Let us _____ a meeting to discuss this issue.
(1) voice (2) call
(3) take (4) say

**68.** Replace the bracketed word with one of the given options, which suitably replaces the word without changing the meaning of the sentence:
In the age of technology, smartphones have become (ubiquitous), infiltrating every aspect of our lives, from communication and work to entertainment and even our daily routines.
(1) candid
(2) omnipresent
(3) obsolete
(4) irreplicable

**69.** Select the most appropriate meaning of the given idiom.
Dot the I's and cross the T's
(1) To make a bad situation worse.
(2) To have no standard of beauty.
(3) To do something carefully.
(4) To complain about something.

**70.** Choose the most appropriate antonym of the underlined word.
I think my **malaise** is chiefly owing to the depressing influence of town air and town scenes.
(1) Unease (2) Angst
(3) Disquiet (4) Wellness

**71.** Find the part of the given sentence that has an error in it. If there is no error, choose 'No error'.
I can't tell you how brilliant his lately ideas were.
(1) lately ideas were.
(2) No error
(3) how brilliant his
(4) I can't tell you

**72.** Select the most appropriate option for the given blank.
The raging waters ______ the tiny village.
(1) has submerging
(2) has been submerged
(3) submerged
(4) submerges

**73.** Find the part of the given sentence that has an error in it. If there is no error, choose 'No error'.
The good news is that many large cities, have began to heed climate change warning signs.
(1) The good news is that many
(2) large cities, have began to
(3) heed climate change warning signs.
(4) No error

**74.** Improve the underlined part of the sentence. Choose 'No improvement as an answer if the sentence is grammatically correct.
Dogs can be more <u>easily domesticates</u> and trained.
(1) easiest domesticating
(2) easily domesticated
(3) No improvement
(4) easy domesticate

**75.** Choose the word that means the same as the given word.
Curious
(1) Callous
(2) Agile
(3) Benign
(4) Interested

**Direction (Q.Nos. 76-80) :** In the following passage some words have been deleted. Fill in the blanks with the help of the alternatives given. Select the most appropriate option for each number.

Historians (1) ____ condemn the acquisition of Sindh by the British in strong (2) ____ . The causes for annexation were deliberately (3) ____ . Like many episodes in the British conquest of India, the Afghan war is also a tale of bullying tactics and (4) ____ . However, in the instance of the First Afghan War, the English suffered terribly at the (5) ____ of the Afghans with a corresponding loss of prestige.

**76.** Select the most appropriate option to fill in the blank No. 1.
(1) casuality
(2) generally
(3) rigorous
(4) unintentional

**77.** Select the most appropriate option to fill in the blank No. 2.
(1) letter (2) paragraph
(3) poetry (4) words

**78.** Select the most appropriate option to fill in the blank No. 3.
(1) sew
(2) consider
(3) fasten
(4) manufactured

**79.** Select the most appropriate option to fill in the blank No. 4.
(1) inconveniences
(2) faith
(3) harmony
(4) deceit

**80.** Select the most appropriate option to fill in the blank No. 5.
(1) palms (2) mind
(3) hands (4) heart

## PART (D) : हिन्दी

**61.** निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो रिक्त स्थान के लिए सही शब्द वाला विकल्प हो।
सभ्यता के विकास एवं विज्ञान की ____ खोजों के कारण मनोरंजन का क्षेत्र भी अछूता न रह सका।
(1) अद्भुत (2) अवांछित
(3) अस्वाभाविक (4) अनियमित

**62.** निम्नलिखित प्रश्न में, दिए गए चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए मुहावरे के अर्थ को सर्वश्रेष्ठ रूप से व्यक्त करता है।
गिरगिट की तरह रंग बदलना
(1) लड़ाई के काम करना
(2) एक बात पर स्थिर न रहना
(3) भलाई के काम करना
(4) मूर्ख बनाकर अपना काम निकालन

**63.** दिए गए वाक्य का वह भाग ज्ञात करें, जिसमें कोई त्रुटि है।
किशोरावस्था बचपन से युवा बनने के बीच की व्यवस्था है जब बच्चों में काफी परिवर्तन आते हैं।
(1) युवा बनने के बीच की
(2) में काफी परिवर्तन आते हैं।
(3) किशोरावस्था बचपन से
(4) व्यवस्था है जब बच्चों

**64.** दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द का तद्भव शब्द ज्ञात कीजिए।
इतने <u>अश्रु</u> क्यों बहा रहे हो?
(1) आँख (2) आँसू
(3) अंधेरा (4) अंधा

**65.** निम्नलिखित प्रश्न में, दिए गए चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए मुहावरे के अर्थ को सर्वश्रेष्ठ रूप से व्यक्त करता है।
बृहस्पति के समान पण्डित
(1) गलत ज्ञान होना (2) अंगूठा छाप
(3) अज्ञानी होना (4) श्रेष्ठ पण्डित

**66.** निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो कोष्ठक में दिए गए शब्द के पर्यायवाची शब्द का सही विकल्प है।
मेरा इकलौता (पुत्र) ____ अपनी आगे की पढ़ाई के लिए अमेरिका गया है।
(1) आत्मज (2) कोपल
(3) विनीत (4) नलिन

**67.** निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस सही विकल्प का चयन करें जो वाक्यांशों के लिए एक शब्द का विकल्प हो।
किसी बात पर बार-बार जोर देना
(1) आमरण (2) आग्रह
(3) आश्वस्त (4) असमान

**68.** दिए गए वाक्य में से गलत वर्तनी ज्ञात कीजिए।
कमलेश उत्तम अंको से उतीर्ण हो गया।
(1) उतीर्ण (2) अंको
(3) उत्तम (4) गया

**69.** दिए गए वाक्य में से गलत वर्तनी ज्ञात कीजिए।
नछत्र शब्द का प्रयोग प्रेमचंद ने अपनी कहानी में किया है।
(1) शब्द (2) प्रेमचंद (3) प्रयोग (4) नछत्र

**70.** दिए गए बाक्य में रेखांकित शब्द का विलोम शब्द ज्ञात कीजिए।
<u>दीर्घायु</u> भव!
(1) अल्पायु (2) लंबी
(3) कदाचारी (4) मलिन

**71.** दिए गए शब्द का पर्यायवाची ज्ञात कीजिए।
कस्तूरी
(1) बाल (2) काक
(3) मदन (4) मृगनाभि

**72.** दिए गए वाक्य में उचित विदेशज शब्द का चयन करके रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।
राजू की नौकरी ____ से लगी है।
(1) एतराज (2) सिफारिश
(3) अदालत (4) हाल

**73.** दिए गए विकल्पों में से तीन विकल्प त्रुटियुक्त हैं, जबकि एक सही है। उस सही विकल्प का चयन करें।
(1) अंकित आए और कहा।
(2) अंकित आया और कहा।
(3) अंकित आए और उसने कहा।
(4) अंकित आया और उसने कहा

**74.** दिए गए शब्द का विलोम शब्द ज्ञात कीजिए।
अति
(1) अल्प (2) आदि (3) इति (4) अंत

**75.** दिए गए वाक्यांश के लिए सार्थक शब्द ज्ञात कीजिए।
शरण में आया हुआ
(1) गृहस्थ (2) शरणागत
(3) राजाश्रित (4) आश्रित

**निर्देश ( प्र.सं. 76-80 ) :** नीचे दिए गए गद्य में कुछ शब्द छोड़ दिए गए हैं और प्रत्येक रिक्त स्थान के चार विकल्प दिए गए हैं। इन चारों में से कौन सा विकल्प रिक्त स्थान की पूर्ति करेगा–

जब लोगों ने पहली बार साफ हवा के लिए (1) ____ छेड़ी तो सबसे पहले इस (2) ____ से निपटने के लिए कानूनी रास्तों को (3) ____ का प्रयास किया गया। यह काम आसान नहीं था क्योंकि (4) ____ और भाप इंजनों के मालिक अपनी मशीनों में सुधार के लिए पैसा (5) ____ करने को कतई तैयार नहीं थे।

**76.** रिक्त 1 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
(1) मुहिम (2) पुरुष (3) महिला (4) रास्ता

**77.** रिक्त 2 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
(1) लक्षण (2) समस्या
(3) गरीमा (4) खूबसूरत

**78.** रिक्त 3 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
(1) दिशा
(2) कोहरा
(3) आजमाने
(4) बीमारियों

**79.** रिक्त 4 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
(1) गंदगी
(2) शहर
(3) कचरे
(4) कारखानों

**80.** रिक्त 5 के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
(1) खर्च
(2) मुश्किल
(3) आसानी
(4) फुकाने

## उत्तरमाला

### PART (A) : सामान्य बुद्धि एवं तर्कशक्ति

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (4) | 2. (3) | 3. (2) | 4. (4) | 5. (4) | 6. (2) | 7. (4) | 8. (1) | 9. (1) | 10. (4) |
| 11. (1) | 12. (2) | 13. (3) | 14. (1) | 15. (4) | 16. (2) | 17. (1) | 18. (2) | 19. (2) | 20. (4) |

### PART (B) : सामान्य जागरूकता

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 21. (3) | 22. (4) | 23. (2) | 24. (3) | 25. (2) | 26. (4) | 27. (2) | 28. (4) | 29. (3) | 30. (3) |
| 31. (1) | 32. (1) | 33. (3) | 34. (2) | 35. (2) | 36. (2) | 37. (2) | 38. (1) | 39. (3) | 40. (1) |

### PART (C) : प्रारंभिक गणित

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 41. (3) | 42. (1) | 43. (3) | 44. (3) | 45. (1) | 46. (1) | 47. (2) | 48. (1) | 49. (2) | 50. (4) |
| 51. (3) | 52. (1) | 53. (1) | 54. (2) | 55. (2) | 56. (2) | 57. (2) | 58. (2) | 59. (4) | 60. (2) |

### PART (D) : अंग्रेजी

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 61. (2) | 62. (3) | 63. (4) | 64. (4) | 65. (3) | 66. (4) | 67. (2) | 68. (2) | 69. (3) | 70. (4) |
| 71. (1) | 72. (3) | 73. (2) | 74. (2) | 75. (4) | 76. (2) | 77. (4) | 78. (4) | 79. (4) | 80. (3) |

### PART (D) : हिन्दी

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 61. (1) | 62. (2) | 63. (4) | 64. (2) | 65. (4) | 66. (1) | 67. (2) | 68. (1) | 69. (4) | 70. (1) |
| 71. (4) | 72. (2) | 73. (4) | 74. (1) | 75. (2) | 76. (1) | 77. (2) | 78. (3) | 79. (4) | 80. (1) |

## उत्तर सहित व्याख्या

### PART (A) : सामान्य बुद्धि एवं तर्कशक्ति

**1. (4)**


**2. (3)**
+8 +8
49, 54, 41, 62, 33, 70, **25**
−8 −8 −8

**3. (2)** A F F E C T
F A F E T C

B R I G H T
R B I G T H

इसी प्रकार

E I T H E R
I E T H R E

**4. (4)**



**5. (4)** विकल्प की सहायता से,
$7 \times 5 \div 6 + 2 - 4 = 16$
÷ और +, 7 और 4 को आपस में बदलने पर
$4 \times 5 + 6 \div 2 - 7 = 16$
$20 + 3 - 7 = 16$
$16 = 16$

**6. (2)**

**7. (4)** TABLE —— (20+1+2+12+5) × 2 = 80
CHAIR —— (3+8+1+9+18) × 2 = 78
इसी प्रकार
WINDOW —— (23+9+14+4+15+23) × 2 = 176

**8. (1)** Y, T, P, M, K, **J**
−5 −4 −3 −2 −1

**9. (1)** BED — (2 × 5 × 4) × 3 = 120
FAT — (6 × 1 × 20) × 3 = 360
DBY — (4 × 2 × 25) × 3 = 600

**10. (4)**


**11. (1)** 99, 116, 133, 150, 167, **184**
17 17 17 17 17

**12. (2)**

**13. (3)** c **o** d **c** o **d** c **o** d c o d

**14. (1)** विकल्प की सहायता से
$8 + 7 \times 9 \div 14 - 3 = 10$
8 और 9 को आपस में बदलने पर
$9 + 7 \times 8 \div 14 - 3 = 10$
$9 + 1 = 10$
$10 = 10$


**15. (4)**




**16. (2)**

**17. (1)**


**18. (2)**




U और P दोनों का निकटतम पड़ोसी T है।

**19. (2)**

**20. (4)**




C के ठीक बाई ओर B बैठा है।

## PART (B) : सामान्य जागरूकता

**21. (3)** एसएलआर (SLR) का अर्थ वैधानिक तरलता अनुपात होता है। यह एक नियम है, जिसके तहत बैंकों को अपनी कुल जमा राशि का एक निश्चित प्रतिशत सुरक्षित और तरल परिसंपत्तियों में रखना होता है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि बैंक हमेशा पर्याप्त तरलता बनाए रखें और किसी वित्तीय संकट का सामना कर सकें।

**22. (4)**

**23. (2)** जनैट विधि एक स्कवैश खिलाड़ी हैं। जो 10वीं महिला खिलाड़ी हैं, जिन्हें टॉप 100 में शामिल किया गया है।

**24. (3)**

**25. (2)** सरदार वल्लभ भाई पटेल को लौह पुरूष भी कहा जाता है। भारतीय स्वतंत्रता आन्दोलन के प्रमुख नेता थे। 565 रियासतों का एकीकरण करके स्वतंत्र भारत को एक सूत्र में बांधा इसलिए इन्हें भारत का बिस्मार्क कहा जाता है। भारत के पहले उपप्रधानमंत्री और गृहमंत्री रूप में कार्य किया सरदार वल्लभ भाई पटेल 1931 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के रूप में कार्य किया।

**26. (4)** पं० भीमसेन जोशी का जन्म 4 फरवरी 1922 को कर्नाटक में हुआ था। उन्हें अपने कैरियर के दौरान कई पुरस्कार प्रदान किये गये। जैसे पद्मश्री, पद्मभूषण, पद्मविभूषण और भारत रत्न 2009 में दिया गया।

**27. (2)** भीमराव अम्बेडकर को संविधान सभा का अध्यक्ष 29 अगस्त 1947 को चुना गया। उन्होंने भारत के संविधान के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसलिए उन्हें भारतीय संविधान का जनक कहा जाता है।

**28. (4)** कुंभ मेला- उ०प्र० का सबसे बड़ा मेला है। यह वैसे तो प्रत्येक वर्ष 'माघ' महीने में पूरे माह चलता है। किन्तु प्रत्येक 6 वर्ष और 12 वर्ष का विशेष अर्ध कुंभ और महाकुंभ नाम से मनाया जाता है।

**29. (3)**

30. (3) हैरोड-डोमर मॉडल – प्रथम पंचवर्षीय योजना

महालनोबिस मॉडल – द्वितीय पंचवर्षीय योजना

गॉडगिल मॉडल – तृतीय पंचवर्षीय योजना

पूँजीवादी मॉडल – महालनोबिस मॉडल में कुछ हद तक पूँजीवाद देखा जा सकता है।

**31. (1)** प्रथम राष्ट्मण्डल खेल का आयोजन 1930 में हैमिल्टन कनाडा में आयोजित किया गया था। लेकिन तत्कालीन समय में इसे ब्रिटिश अम्पायर गेम्स कहा जाता था।

**32. (1)** तीसरी पंचवर्षीय योजना- 1961-66 ई० के मध्य थी। इसका मुख्य उद्देश्य कृषि उत्पादन बढ़ाना और देश को आत्मनिर्भर बनाना था। इस योजना में खाद्यान्न उत्पादन पर विशेष ध्यान दिया गया, सिंचाई परियोजनाएँ, उर्वरक उपयोग और आधुनिक कृषि तकनीकों का विस्तार किया गया। इसके अतिरिक्त औद्योगिक विकास और आधारभूत संरचनाओं पर विशेष ध्यान रखा गया। किन्तु 1962 भारत-चीन और भारत-पाक 1965 युद्ध के कारण इस योजना के कई लक्ष्यों को पूर्ण नहीं किया जा सका और पूर्णत: सफल नहीं हो सकी।

33. (3) राज्य सभा का सभापति या पीठासीन अधिकारी उपराष्ट्रपति पदेन होता है। उपराष्ट्रपति के अनुपस्थिति में उपपीठासीन अधिकारी इसका पीठासीन होता है।

**34. (2)**

| **कम्पनी** | **सीइओ** |
|---|---|
| टीसीएस | के.कीर्तिवासन |
| माइक्रोसाफ्ट | सत्या नल्डेला |
| गूगल | सुन्दर पिचाई |
| एप्पल | टिम कूक |

**35. (2)** अशोक मौर्य साम्राज्य का सबसे महान शासक था, किन्तु अशोक ने कलिंग युद्ध के भीषण नरसंहार के पश्चात बौद्ध धर्म स्वीकार कर लिया। इसका शासनकाल 268-232 ई.पू. है।

**36. (2)**

| **राज्य** | **जनघनत्व** |
|---|---|
| चण्डीगढ़ | 5746/km |
| दिल्ली | 11320/km |
| लद्दाख | 4.6 हजार/km |
| दमन व दीव | 2191/km |

**37. (2)** चुम्बकीय क्षेत्र उस क्षेत्र को कहते हैं, जहाँ चुंबकीय बलों का अनुभव किया जा सकता है। यह चलती हुई विद्युत आवेशों द्वारा उत्पन्न होता है और इसके प्रभाव में आने वाली चुंबकीय सामग्री और विद्युत धाराओं पर असर डालता है। चुंबकीय क्षेत्र रेखाएँ बंद पाश बनाती है।

**38. (1)**

**39. (3)** पंजाब और हरियाणा में ट्रैक्टर स्टंट काफी खतरनाक होता जा रहा है, इसलिए पंजाब सरकार ने ट्रैक्टर स्टंट पर रोक लगा दिया।

**40. (1)**

| | | |
|---|---|---|
| मोहिनीअट्टम | - | केरल |
| सत्रीया | - | असम |
| ओडिसी | - | ओडिशा |
| कथक | - | उत्तर प्रदेश |

## PART (C) : प्रारंभिक गणित

**41. (3)** माना धनराशि = P

$$P — 600 = \frac{P \times 3 \times 25}{100}$$

4P – 2400 = 3P

P = 2400

**42. (1)** माना संख्या = $x$

$$x \times \frac{25}{100} - 75 = 1225$$

$$\frac{x}{4} = 1300$$

$x$ = 5200

**43. (3)** विक्रय मूल्य = $1850 \times \frac{40}{100}$

= 740

**44. (3)** विक्रय मूल्य = $4800 \times \frac{82}{100} \times \frac{80}{100}$ = 3148.8

**45. (1)** प्रश्नानुसार

$$A = 30000 \times \frac{107}{100} \times \frac{107}{100}$$

= 34347

**46. (1)** J + K + L —— 20 (5)

J + K —— 25 (4)

(LCM = 100)

L की क्षमता = 5 – 4 = 1

L द्वारा लिया गया समय = $\frac{100}{1}$

= 100 दिन

**47. (2)** प्रश्नानुसार

90 × 38 = 3420

**Note:- औसत से जितना (+, –, ×, ÷) होगा उतना ही औसत पर प्रभाव पड़ता है।**

4 घटाया जाता है,

तब,

⇒ 38 – 4 = 34

**48. (1)** दूसरी संख्या = $\frac{\text{LCM}\times\text{HCF}}{\text{पहली संख्या}}$

$$= \frac{14 \times 490}{70} = 98$$

**49. (2)** माना कुल दूरी = $4x$

औसत चाल = कुल दूरी / समय

$$= \frac{4x}{\frac{x}{400} + \frac{x}{200} + \frac{x}{100} + \frac{x}{50}}$$

$$= \frac{4x}{\frac{x + 2x + 4x + 8x}{400}}$$

$$= \frac{4x \times 400}{15x}$$

$$= \frac{320}{3}$$

**50. (4)** 96 × 2 ÷ (88 – 24) + 43 × 3

= 96 × 2 ÷ 64 + 129

= 3 + 129 = 132

**51. (3)** अनुपात — दूध : पानी

21 : 8

अन्तर — 13

प्रश्नानुसार

13 इकाई = 26

1 इकाई = 2

21 इकाई (दूध) = 2 × 21 = 42 लीटर

**52. (1)** शंकु का आयतन = $\frac{1}{3}\pi r^2 h$

$$= \frac{1}{3} \times \frac{22}{7} \times 15 \times 14 \times 14$$

= 3080 सेमी.$^3$

**53. (1)** प्रश्नानुसार

15 × 18 = 12 × $x$

$x$ = 22.5 दिन

**54. (2)** 18% —— 9/50

अपरिवर्तित मासिक आय — 50 : 41 → 41 : 50

वृद्धि — 9

$$\Rightarrow \frac{9}{41} \times 100 = 21.95\%$$

**55. (2)** प्रश्नानुसार

(प्रथम तीन) 3×80 = 240

(अंतिम तीन) 3×92 = 276

कुल अंक = 516

तीसरा विषय दो बार गीना गया है, इसलिए इसे घटा देंगे-

⇒ = 516 – 51 = 465

⇒ औसत अंक (पांच विषय) = $\frac{465}{5}$ = 93

**56. (2)** क्रय मूल्य : विक्रय मूल्य

20 : 25

लाभ — 5

लाभ प्रतिशत = $\frac{5}{20} \times 100$

= 25%

**57. (2)** P : Q — 6 : 5

Q : R — 3 : 4

तब, P : Q : R — 18 : 15 : 20

प्रश्नानुसार

Q : (P + R) = 15 : 18 + 20

= 15 : 38

**58. (2)** विकल्प की सहायता से

**59. (4)** 58 – 25 ÷ 5 + {55 + 25 – (30 + 20 – 10 + 30)}

⇒ 53 + {80 – 70}

⇒ 53 + 10 = 63

**60. (2)** 20% —— $\frac{1}{5}$

माना, CP : SP = 500 : 400

$$400 \times \frac{125}{100} = 500$$

## PART (D) : अंग्रेजी

**61. (2)** In the sentence, the speaker is speculating or expressing uncertainty about whether the place they see is their holiday home. To express this uncertainty in a grammatically correct and natural way, we use the word "**perhaps**," which means "maybe" or "possibly" (शायद).

**62. (3)** The correct spelling is **"uncontroversial"** (जिस पर विवाद न हो, सर्वसम्मत).

**Sense** (समझ): Correctly spelled, practical awareness.

**Diminish** (घटाना): Correctly spelled, to reduce.

**Attention** (ध्यान): Correctly spelled, focus or notice.

**63. (4)** The idiom "**To stand one's ground**" means to refuse to change your position, opinion, or stance, especially in the face of opposition. (अपनी स्थिति या राय पर दृढ़ रहना, विशेष रूप से विरोध का सामना करते हुए।)

**64. (4)** After anchoring, the wind was variable and light from the western quarter.

Correct spellings are : **"variable"** (परिवर्तनीय) ,**"light"** (हल्का) and **"western quarter"** (पश्चिमी क्षेत्र)

**65. (3)** When verb is followed by "to," it must be followed by the base form of the verb (the infinitive form).

If we use "playing," it suggests a continuous action rather than a decision to engage in that action.

**Correct Sentence:** "He had decided **to play** until that score reached forty-three thousand."

**66. (4)** **"adequacy"** means the state of being sufficient or enough (पर्याप्तता), while **Dearth**: means a scarcity or lack of something (अभाव)

**Rational**: means logical or reasonable (तर्कसंगत)

**Opulence**:means great wealth or luxuriousness (समृद्धि)

**Surplus**:means an excess or more than what is needed

**67. (2)** **"call"** means to arrange or summon something (जोड़ना/बुलाना) and fits well in the context of organizing a meeting.

**voice**: means to express something in words (व्यक्त करना)

**take**:means to grasp or hold (लेना)

**say**:means to express verbally (कहना)

**68. (2)** **"ubiquitous"** means existing or being everywhere at the same time; it refers to something that is very common or widespread (हर जगह मौजूद, सर्वव्यापी), similarly **"omnipresent"** means present everywhere at the same time (हर जगह उपस्थित)

**candid**: means truthful and straightforward (ईमानदार)

**obsolete**: means no longer produced or used (पुराना)

**irreplicable**:means impossible to replicate or duplicate (नकल नहीं किया जा सकता)

**69. (3)** The idiom **"dot the I's and cross the T's"** means to pay attention to details and ensure that everything is correct or completed thoroughly.

**70. (4)** "malaise" means a general feeling of discomfort or unease (असुविधा) and is often associated with illness, while "wellness," which signifies health and well-being (स्वास्थ्य).

**Unease ( असुविधा )**: A state of discomfort or anxiety.

**Angst ( चिंता )**: A feeling of deep anxiety or dread.

**Disquiet ( बेचैनी )**: A feeling of unease or anxiety.

**71. (1)** "lately ideas" is incorrect because "lately" refers to a recent time, The correct adverb to use here is "latest," which means the most recent or newest (नवीनतम विचार).

**72. (3)** "Submerged" means that the village was completely covered by the raging waters (डूबा हुआ).

It is the simple past tense of the verb "submerge," indicating that the action of the waters covering the village happened at a specific time in the past.

**73. (2)** The correct form should be "have begun" (शुरू कर दिया है) since "begun" is the past participle of the verb "begin." The structure "have + past participle" is used for present perfect tense.

**74. (2)** **easily domesticated (आसान तरीके से पालतू बनाया जाता है ).**

Since the sentence discusses a potential state that dogs can achieve. Therefore, we need the past participle form of the verb "domesticate," which is "domesticated"

**75. (4)** **"curious"** means having a strong desire to know or learn something (जिज्ञासु, उत्सुक), similarly

**Interested:** means having a desire to learn or know about something (रूचि रखने वाला, इच्छुक)

**Callous:** This means emotionally insensitive or showing no concern for others (निर्मम, कठोर)

**Agile:** This means able to move quickly and easily (फुर्तीला, चंचल)

**Benign:** This means gentle or kindly (मृदु, करना)

**76. (2)** "Generally" (आमतौर पर) is relevant here because it implies that historians typically view the accusations in a strong manner, suggesting a common perspective among historians regarding the accusations of Sindhi by the British.

**casualty:** (हानि) - refers to an event resulting in death or injury.

**rigorous:** (कठोर) - indicates strictness or harshness

**unintentional:** (अनजाने में) - means something not done on purpose

**77. (4)** "Words" (शब्द) fits best as it indicates the language used to express the accusations, making it clear that historians respond to specific statements made about Sindhi.

letter: (पत्र) - implies a written message

paragraph: (अनुच्छेद) - refers to a section of text

poetry: (कविता) - denotes a literary form

**78. (4)** Manufactured" (निर्मित) is relevant because it suggests that the causes for annexation were deliberately created or fabricated, which aligns with the context of historical analysis.

**sew:** (सिलाई करना)- means to stitch.

**consider:** (विचार करना) - implies thinking about something

**fasten:** (बाँधना) - means to attach or secure

**79. (4)** "Deceit" (धोखा) is appropriate because it refers to the act of misleading or tricking others, which aligns with the mention of bullying tactics in historical narratives.

**inconveniences:** (असुविधाएँ) - refers to difficulties

**faith:** (विश्वास)- means trust

**harmony:** (समानता) - denotes agreement

**80. (3)** "Hands" (हाथ) fits the context as it suggests that the bullying tactics are firmly in control or influence over situations or actions, which connects to the overall theme of manipulation in history.

**palms:** (हाथ की हथेली) - refers specifically to the inner part of the hand, which is too narrow.

**mind:** (मन) - refers to mental processes

**heart:** (दिल) - indicates emotion

## PART (D) : हिन्दी

**61. (1)** यहाँ रिक्त स्थान को भरने के लिए उपयुक्त विकल्प (1) 'अद्भुत' होगा।

**62. (2)** 'गिरगिट की तरह रंग बदलना' मुहावरे का अर्थ 'एक बात पर स्थिर न रहना' होगा।

वाक्य प्रयोग- मोहन गिरगिट की तरह रंग बदलता है। यानि एक बात पर स्थित नही रहता है।

**63. (4)** विकल्प (4) में शब्द 'व्यवस्था' की जगह 'अवस्था' का प्रयोग होना चाहिए जिस कारण यह गलत है।

**64. (2)** 'अश्रु' तत्सम शब्द है। जिसका तद्भव 'आँसू' होगा।

**65. (4)** बृहस्पति के समान पण्डित' मुहावरे का अर्थ है– श्रेष्ठ पण्डित।

**66. (1)** पुत्र का अन्य पर्यायवाची निम्नलिखित है- बेटा, सुत, तनय, आत्मज, जनज, लडका, तनुज।

**67. (2)** 'किसी बात पर बार-बार जोर देना' वाक्यांश के लिए एक शब्द 'आग्रह' होगा।

**68. (1)** 'उतीर्ण' गलत शब्द है सही उत्तीर्ण होगा।

यानि- कमलेश उत्तम अंको से उत्तीर्ण हो गया।

**69. (4)** 'नछत्र' का शुद्ध वर्तनी 'नक्षत्र' होगा।

**70. (1)**

| शब्द | | विलोम |
|---|---|---|
| दीर्घायु | – | अल्पायु |
| लंबी | – | छोटी |
| कदाचारी | – | सदाचारी |
| मलिन | – | निर्मल |

**71. (4)** 'कस्तूरी' का पर्यायवाची निम्नलिखित हैं- सारंग, कुरंग, तथा मृग

**72. (2)** राजू की नौकरी सिफारिश से लगी है।

**73. (4)**

**74. (1)**

| शब्द | | विलोम |
|---|---|---|
| अति | – | अल्प |
| आदि | – | अनादि |
| इति | – | अथ |
| अंत | – | प्रारंभ |

**75. (2)** 'शरण' में आये हुए को 'शरणागत' कहते हैं।